
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 भारत में मेघगर्जन-वज्रपात का खतरा


6 दुनिया को झकझोरने वाला भयंकर भूकंप


7 चिप डिजाइन में भारत की बड़ी छलांग


10 अंडर-19 टीम की कमान संभालेंगे आयुष हात्रे

# इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन

## मोदी सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नयी दिल्ली, 31 जुलाई सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी.**

प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने महाराष्ट्र में इटारसी-नागपुर मार्ग पर चौथी लाइन के निर्माण, संभाजीनगर ( औरंगाबाद)-परभणी रेललाइन के दोहरीकरण, बिहार में अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण तथा झारखंड में डांगोआपोसी से ओडिशा में जारोली के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्तावों को मंजूरी दी. ये परियोजनाएं इन राज्यों के 13 जिलों में फैली हैं.

मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की समिति के प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार ने अवसंरचाना विकास पर और तेजी से काम करना शुरू किया है तथा अब तक रेल, राजमार्ग, बंदरगाह, हवाई अड्डा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कुल 10.48 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है.

उन्होंने कहा कि रेलवे की आज मंजूर की गयी इन चार परियोजनाओं से जहां रेलवे की माल परिवहन क्षमता और यात्रा सुविधाएं बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा वहीं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मतदद मिलेगी. रेल मंत्री ने कहा, ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार की गयी हैं और ये प्रधानमंत्री के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं.



### सीएम डॉ. यादव ने पीएम मोदी का माना आभार


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए आभार माना है. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दी गई इस मंजूरी से मध्यप्रदेश को विशेष लाभ होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी.

### सहकारी विकास निगम के लिए 2000 करोड़ मंजूर

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सहकारी क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को चार वर्ष के लिए 2000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता मंजूर की है. निगम को प्रति वर्ष 500 करोड़ रुपये की सहायता दी जायेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह अनुदान सहायता वित्त वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए मंजूर की गयी है. इस अनुदान सहायता के आधार पर निगम चार वर्षों की अवधि में बाजार से 20,000 करोड़ रुपये की राशि जुटा सकेगा.

### पीएमकेएसवाई के लिए 6520 करोड़ की मंजूरी

सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है. सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है. उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है.



दिव्या देशमुख, भारत की पहली विमेन्स वर्ल्ड कप चेस चैंपियन

## मोदी देंगे वाराणसी को सौगात

### 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व उद्घाटन

**नयी दिल्ली, 31 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लगभग 2200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे.**

इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे. ये परियोजनाएँ बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत सहित कई क्षेत्रों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं और वाराणसी में समग्र शहरी परिवर्तन, बेहतर कनेक्टिविटी और जीवन स्तर में सुधार लाना है. वाराणसी में सड़क संपर्क में सुधार की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएम कई प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे.

### एक नजर में



#### सेना उप प्रमुख 39 वर्ष सेवा के बाद सेवानिवृत

**नयी दिल्ली.** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए. सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसंबर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया. असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल. की डिग्री प्राप्त की.

#### 62 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

**लुधियाना.** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) लुधियाना द्वारा ऑडियो-वीडियो प्रोडक्शन क्षेत्र की कई फर्मों के विरुद्ध जांच में 62 करोड़ रुपये की कर चोरी का खुलासा हुआ है. केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय, लुधियाना द्वारा गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन फर्मों ने 342 करोड़ रुपये मूल्य की सेवाएं विदेशी संस्थाओं से आयात की थीं और उस पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया था. जांच में यह भी सामने आया है कि इन फर्मों ने जीएसटी कानूनों के अंतर्गत निर्धारित कोई भी दस्तावेजी प्रक्रिया का पालन नहीं किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह कर चोरी सुनियोजित और जानबूझकर की गयी.

#### ईडी एनआईए के ज्वाइंट एक्शन में होगा शामिल

**रायपुर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी अब छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान में शामिल होगा. यह फैसला यहां हुई उच्चस्तरीय बैठक में 'प्लान ऑफ एक्शन टू नक्सल' पर चर्चा के दौरान इस संबंध में फैसला लिया गया. नक्सलियों के खिलाफ 'ज्वाइंट एक्शन' को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा के दौरान इस संबंध में फैसला लिया गया कि अब संयुक्त आपरेशन में ईडी भी शामिल होगी. बैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के आईजी, और डीआईजी मौजूद थे.

## श्योपुर-सवाई माधौपुर हाईवे बंद, चम्बल के पुल में दरार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जुलाई.** अंचल में हो रही अति भारी बारिश के चलते नदियां उफान पर हैं और पुराने पुलों पर संकट खड़ा हो गया है। आलम यह है कि नदियों में बढ़ता जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है और कई मार्ग अवरुद्ध हैं।

जानकारी के अनुसार श्योपुर जिले में पार्वती और चम्बल नदी उफान पर है जिसके कारण श्योपुर से सवाई माधौपुर हाईवे बंद है. हालांकि बड़ोदा होकर कोटा के लिये मार्ग एक बार फिर चालू हो गया है लेकिन पाली के पास चम्बल नदी में बढ़ते जल स्तर और पुल में दरार की आशंका के चलते प्रशासन ने फिलहाल ट्रेफिक बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि चम्बल का पानी कम होने पर पुल के क्षतिग्रस्त होने की सही जानकारी सामने आएगी इसके कारण सवाई माधौपुर जयपुर मार्ग बंद है और श्योपुर से जयपुर के लिये आवागमन अब प्रेमसर, खातौली, इटावा के रास्ते बूंदी से टोंक होकर जा रहा है. चूंकि इस मार्ग पर भी चम्बल नदी है लेकिन पुल की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

### कोटा मार्ग चालू, जयपुर के लिये बूंदी होकर ट्रेफिक डायवर्ट

श्योपुर में इस बार ग्वालियर मुरैना व अन्य जिलों की तरह भारी बारिश हुई है और खेत खलिहान तक लबालब है। प्रशासन पूरे हालात पर नजर बनाए हुए है। राहत टीमों को 24 घण्टे मुस्तैद रहने के लिये कहा गया है। हालांकि आज शाम चम्बल का जल स्तर घट गया है।

## हाथी के उत्पात से 6 की मौत

**भुवनेश्वर, 31 जुलाई. ओडिशा के ढेंकनाल जिले के जंगल से सटे बाघधरिया गांव में गुरुवार तड़के जंगली हाथी ने जबर्दस्त उत्पाद मचाया जिसमें एक महिला समेत तीन लोगों को रौंद दिया.**

घटना के बाद हाथियों के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब पांच हो गयी है. इस बीच घटना में स्थानीय निवासियों की दुखद मौत के बाद क्षेत्र में लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और लोगों ने सतमाइल चौक के पास सड़क जाम कर दिया जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा. स्थिति तनावपूर्ण होते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मौके पर पहुंचे.

### सरगुजा में भी हाथियों ने किया हमला

**सरगुजा, 31 जुलाई.** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में लोग हाथियों के उत्पात से आतंकित है. हाथियों के हमले में अब तक तीन लोग अपनी जान गवां चुके हैं. बुधवार की रात हाथी के हमले से दो लोगों की मौत हो गई. हाथी का उत्पात लगातार जारी है और मंगलवार को भी हाथी के कुचलने से एक महिला की मौत हुई थी. दल से बिछड़कर अकेला हाथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहा. इससे इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. दो दिन में हाथी हमले से तीन लोगों की मौत हुई है. घटना की सूचना पर डीएफओ मौके के लिए रवाना हुए हैं.

## पीएम मोदी कल जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

**वाराणसी, 31 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे देश भर के 9.5 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि मोदी सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली (कालिकाधाम) में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. जनसभा स्थल को 20 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है. प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिसके साथ 12 कार्यकर्ताओं की टीम कार्यरत होगी.

## मालेगांव ब्लास्ट : 17 साल बाद सभी 7 आरोपी बरी

**कोर्ट ने कहा- कोई ठोस सबूत नहीं**

**बम के धमाके में छह लोगों की हुई थी मौत**

**मुंबई, 31 जुलाई. 2008 में महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम विस्फोट मामले में 17 साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने गुरुवार को सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया. अदालत ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि अभियोजन पक्ष किसी भी आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश नहीं कर सका.**


पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर


लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित

गौरतलब है कि 29 सितंबर, 2008 को रमज़ान और नवरात्रि के मौके पर मालेगांव के भिक्खू चौक में एक मोटरसाइकिल में रखे बम के धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे. यह इलाका सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है, और विस्फोट के बाद शहर में दहशत फैल गई थी.

मामले में शुरुआत में महाराष्ट्र एटीएस ने जांच की थी, लेकिन 2011 में यह जांच एनआईए को सौंप दी गई. 2016 में एनआईए ने कई आरोपियों को पर्याप्त सबूत न होने के आधार पर क्लीन चिट दी थी. इस केस में पूर्व बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर द्विवेदी आरोपी थे.

पीड़ित परिवारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील शाहिद नदीम अंसारी ने कहा, हम यहीं नहीं रुकेंगे. हम बॉम्बे उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का भी रुख करेंगे. अंसारी ने कहा कि 7/11 मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में महाराष्ट्र सरकार ने पिछले सप्ताह बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा 12 लोगों को बरी किए जाने के 24 घंटे के भीतर शीर्ष अदालत का रुख़ किया जिन्हें पहले एक विशेष मकोका अदालत ने दोषी ठहराया था. उन्होंने कहा, सरकार को मालेगांव मामले में भी उच्च न्यायालय का रुख करने में यही तेजी दिखानी चाहिए.


**पीएम मोदी से मिले सीएम डॉ. यादव**

**नई दिल्ली, 31 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की और पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को मप्र की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की.

## एसबीके सिंह को मिला दिल्ली पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार

**नयी दिल्ली, 31 जुलाई.** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. गृह मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार 1988 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी एसबीके सिंह एक अगस्त से दिल्ली पुलिस कमिश्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे और अगले आदेश तक सेवा देंगे. श्री सिंह वर्तमान में दिल्ली होम गाड्र्स के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं. उन्हें अगले आदेश तक यह अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है. उल्लेखनीय है कि वर्तमान पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा आज सेवानिवृत हो रहे हैं.

**विधानसभा** ध्यानाकर्षण के माध्यम से विपक्ष ने सरकार को घेरा, विपक्ष ने किया वाकआउट

## कानून-व्यवस्था को लेकर सदन में तकरार

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 जुलाई. सदन में गुरुवार को प्रदेश के कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर पक्ष-विपक्ष में जमकर तकरार हुआ. ध्यानाकर्षण के माध्यम से विपक्ष ने ये मामला उठाया और आंकड़ों से साबित किया कि प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, वहीं सत्ता पक्ष की ओर से गृह राज्य मंत्री ने भी आंकड़े देकर यह साबित करने की कोशिश की कि प्रदेश में अपराध घट रहे हैं**

. विपक्षी सदस्यों ने एक बार फिर विपक्ष के सदस्यों और उनके परिजनों को प्रताड़ित करने का आरोप जड़ा और पूरे प्रदेश में काननू-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की बात कही. उन्होंने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए पहले आसंदी के सामने पहुंचकर नारेबाजी की और फिर बाद में सदन से वाकआउट कर दिया.




प्रदेश में काननू-व्यवस्था की स्थिति को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, फूल सिंह बरैया और जयवर्धन सिंह ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सवाल उठाया. उनका तर्क था कि प्रदेश में प्रदेश में हत्या, लूट, मारपीट, डकैती की घटनाएं लगातार हो रही है, पुलिस प्रशासन घटनाओं को रोकने में पूरी तरह फेल साबित हो रही है, नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा नहीं हो पा रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन निर्दोश लोगों पर षड्यंत्रपूर्वक अपराध दर्ज कर उन्हें परेशान कर रही है. इस पर गृह राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने पुलिस की उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रदेश में कई वर्षों से कोई सांप्रदायिक दंगे नहीं हुए हैं. एक वर्ष में 10 दुर्दान्त नक्सली को मार गिराया है. प्रदेश में वर्ष 2023 से 2024 में हत्या के प्रकरणों में 7.09 प्रतिशत, वर्ष 2024-25 में 23.54 फीसदी की कमी आई है. हत्या के प्रयास में क्रमशः 8.32 फीसदी और 64.41 फीसदी कमी आई है. डकैती में भी 33.90 और 2.56 फीसदी की गिरावट आई है. इतना ही नहीं डकैती की तैयारी के मामले में भी क्रमशः 30 और 53.57 फीसदी की कमी हुई है. वहीं लूट में वर्ष 2023-24 में 15.84 फीसदी की बढ़ोतरी और वर्ष 2024-25 की अवधि में 28.77 फीसदी की कमी आई है. वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में लूट की घटनाएं 15 फीसदी बढ़ गई है. लूट कैसे हो रही है, पूरा प्रदेश जान रहा है.

## दुनिया का पहला रक्त समूह क्रिब

### कर्नाटक की महिला में मिला अनोखा मामला

**नयी दिल्ली,31 जुलाई. कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में दुनिया का एक बिल्कुल नया रक्त समूह पाया गया है, जिसे 'क्रिब' नाम दिया गया है.**

मामला तब सामने आया जब महिला को हृदय शल्य चिकित्सा के लिए भर्ती किया गया. सामान्य रूप से उनका रक्त समूह ओ पॉजिटिव था, लेकिन जब उन्हें रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ी, तो अस्पताल में मौजूद कोई भी रक्त इकाई मेल नहीं खा रही थी. मामले को रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर की उच्च स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा गया, जहां जांच में पता चला कि महिला का रक्त 'पैनरिएक्टिव' है, अर्थात यह किसी भी सामान्य रक्त समूह से मेल नहीं खा रहा था. महिला के 20 परिजनों के रक्त की जांच की गई, पर मेल नहीं मिला. इसके बाद बिना रक्त चढ़ाए ही सफल हार्ट सर्जरी की गई. रक्त नमूने ब्रिटेन की इंटरनेशनल ब्लड ग्रुप रेफरेंस प्रयोगशाला, ब्रिस्टल भेजे गए, जहां दस महीनों की गहन जांच के बाद एक नए एंटीजन की पहचान हुई. इसे 'क्रिब' नाम दिया गया. जिसमें सीआर का मतलब क्रोमर प्रणाली और आईबी का मतलब इंडिया-बैंगलोर है.यह महिला दुनिया की पहली व्यक्ति हैं जिनमें यह नया रक्त एंटीजन पाया गया. इस खोज के बाद, रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर ने कर्नाटक स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल और आईआईएच के सहयोग से एक रेयर डोनर रजिस्ट्री शुरू की है.